# प्रदेश के सर्वाधिक दुर्घटना वाले 5 जिलों में सतना शामिल

## सुप्रीम कोर्ट ऑन रोड सेफ्टी कमेटी के सभापति न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे ने ली बैठक

नवभारत न्यूज

**सतना, 31 जुलाई. सुप्रीम कोर्ट की रोड सेफ्टी कमेटी के सभापति एवं पूर्व न्यायाधीश सुप्रीम कोर्ट न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष सतना में जिला रोड सेफ्टी की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।**

इस मौके पर जिले में सडक सुरक्षा मानकों को मजबूत करने, ब्लैक स्पाट की समीक्षा और दुर्घटनाओं में कमी लाकर केजुयल्टी की संख्या को कम करने के उपायों पर चर्चा की गई। श्री सप्रे ने बताया कि दुर्घटनाओं के मामले में पूरे देश में मध्यप्रदेश दूसरे नम्बर पर तथा सतना जिला सहित 5 जिलों में दुर्घटना में सबसे अधिक मृत्यु हो रही है। सडक दुर्घटनाओं को रोकने की दिशा में प्रत्येक व्यक्ति को



जागृत करने के प्रयास किये जाये। दो पहिया वाहन चालक हेलमेट अनिवार्य रूप से पहने और चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट अनिवार्य रूप से लगाये।

श्री सप्रे ने कलेक्टर से कहा कि जिला मुख्यालय, तहसील, विकासखण्ड एवं ग्राम स्तर के सभी अधिकारी-कर्मचारियों जो दो पहिया वाहन चलाते है। वे अनिवार्य रूप से हेलमेट पहन कर आये। तभी उन्हें कार्यालय परिसर में प्रवेश दिया जायेगा। सभी एजुकेशन इंस्टीटयूट अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को दो पहिया वाहन चलाने पर हेलमेट पहनना अनिवार्य करें। पेट्रोल पम्प मालिक बिना हेलमेट पहनने वाले वाहन चालकों को पेट्रोल का विक्रय नहीं करें। दो पहिया वाहनो के डीलर वाहन बिक्री के समय ग्राहक को हेलमेट अनिवार्य रूप से लगाने के लिए प्रेरित करें तथा हेलमेट भी प्रदाय करें। स्कूल, कॉलेजों में रोड सेफ्टी के संबंध में जागरूकता के कार्यक्रम और लोगों में जागृति लाने के लिए रैली निकालकर लोगों को समझाइश दें।

बैठक में बताया गया कि वर्ष 2025 में सतना जिले में कुल 1440 सडक दुर्घटनायें हुई है। जिनमें से 400 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है तथा 151 व्यक्ति घायल हुए है। वर्ष 2026 में अब तक 789 दुर्घटनाओं में 178 व्यक्तियों की मृत्यु दर्ज की गई और 842 व्यक्ति घायल हुए है।

### बैठक में इनकी रही उपस्थिति

बैठक में कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह, सीईओ जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम महिपाल सिंह गुर्जर, जीतेन्द्र वर्मा, राहुल सिलाडिया, सुभाष मिश्रा, सुमेश द्विवेदी, डीएसपी ट्रैफिक संजय खरे, आरटीओ रवि बरेलिया, सडक विभागों, एनएचपीडब्ल्यूडी, एनएचएआई, एमपीआरडीसी, लोक निर्माण, उपायुक्त नगर निगम सत्यम मिश्रा सहित विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

### पेट्रोल पम्प और वाहन डीलरों से की वन टू वन चर्चा

सभापति, सुप्रीम कोर्ट आन रोड सेफ्टी कमेटी न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे ने सतना जिले के प्रवास के दौरान कलेक्टर कक्ष में पृथक से अधिकारियों, पेट्रोल पम्प और वाहन डीलरों से वन टू वन चर्चा कर जीरो फेटेलिटी में शामिल सतना जिले में दुर्घटनाओं में हताहतों की संख्या कम करने के उपायों एवं जागरूकता फैलाने के संबंध में चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक हंसराज सिह की उपस्थिति में जिला शिक्षा अधिकारी, आरटीओ, जनसम्पर्क, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, एसडीएम रामपुर बघेलान, सतना सिटी से वन टू वन चर्चा कर मार्गदर्शन दिया।



# सीधी-सिंगरौली सड़क निर्माण को मिलेगी रफ्तार

## सांसद डॉ. मिश्रा ने गडकरी से की मुलाकात

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली, 31 जुलाई. क्षेत्र की लंबित सड़क परियोजनाओं को गति देने के उद्देश्य से सीधी-सिंगरौली सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने नई दिल्ली स्थित संसद भवन में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। इस दौरान संसदीय क्षेत्र की कई महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।**

सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने सीधी-सिंगरौली सड़क निर्माण कार्य को निर्धारित समयसीमा में पूरा कराने के लिए आवश्यक निर्देश जारी करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यह मार्ग दोनों जिलों के लाखों लोगों के आवागमन का प्रमुख माध्यम है और इसके पूर्ण होने से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।

बैठक में बरगवां-कटनी मार्ग (वाया रजमिलान, सरई, मड़वास, मझौली, ब्यौहारी एवं विजयसोता) की डीपीआर जल्द तैयार कराने का मुद्दा भी उठाया गया। सांसद ने कहा कि इस सड़क के निर्माण से क्षेत्र में बेहतर कनेक्टिविटी के साथ व्यापार और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

इसके अलावा सिंगरौली-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण कार्य में तेजी लाने पर भी चर्चा हुई। सांसद ने क्षेत्र के औद्योगिक महत्व को देखते हुए परियोजना को प्राथमिकता से पूरा कराने की मांग रखी।

डॉ. राजेश मिश्रा ने कहा कि मजबूत सड़क नेटवर्क क्षेत्र के विकास की आधारशिला है। बेहतर सड़क सुविधा से शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और उद्योगों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि केंद्रीय मंत्री के साथ हुई सकारात्मक चर्चा के बाद इन परियोजनाओं में जल्द प्रगति देखने को मिलेगी।

# बाइपास की सड़क खून से हुई लथपथ

## बल्कर की टक्कर से एक की मौत, दूसरा गंभीर

नवभारत न्यूज

**देवसर 31 जुलाई। राष्ट्रीय राजमार्ग के देवसर पूर्वी बाईपास पर शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे तेज रफ्तार बल्कर की टक्कर से बाइक सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। गुस्साए ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रख कर एनएच -39 सीधी-सिंगरौली मार्ग को बाधित कर दिया, जहां पॉच घंटे तक हंगामा चलता रहा।**

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत पुरवा निवासी सुब्बालाल साकेत उर्फ नटवरलाल 45 वर्ष पिता राजरूप साकेत की हादसे में मौत हो गई। वहीं बाबा साकेत पिता रामचंद्र साकेत गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवसर भेजा गया है। बताया जा रहा है कि दोनों बाइक से देवसर बाजार से अपने गांव लौट रहे थे, तभी बल्कर वाहन क्रमांक एमपी 19 एचए 5028 ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और वाहन को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। इधर उक्त हादसे के बाद घटना स्थल पर ही मृतक



के परिजनों ने शव को सड़क पर रख सीधी-सिंगरौली नेशनल हाईवे मार्ग को जाम कर दिया और उनकी मांग थी कि मृतक के आश्रितो को अधिक से अधिक अंतिम संस्कार के लिए दो लाख रूपये राहत राशि एवं मुआवजा तथा मृतक के परिजनों में से किसी एक को सहायिका या फिर किसी भी पद पर रखा जाए। एसडीओपी गायत्री तिवारी, थाना प्रभारी उप निरीक्षक शेषमणि द्विवेदी के साथ-साथ एसडीएम सौरभ मिश्रा ने मृतक के परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाते हुये तत्कालीक रूप से 50 हजार रूपये अंतिम संस्कार के लिए मुहैया कराया गया। करीब पॉच घंटे तक हंगामा चलता रहा। अंततः करीब 5 बजे शाम के वक्त धरना एवं चक्काजाम समाप्त हुआ।

### पांच घंटे तक एनएच-39 का आवागमन रहा प्रभावित

देवसर के सड़क हादसे में युवक की हुई दर्दनाक मौत के बाद गुस्साए मृतक के परिजन सड़क में बिलखते हुये चक्काजाम शुरू कर दिया। पॉच घंटे तक सीधी-सिंगरौली राष्ट्रीय राजमार्ग-39 का आवागमन पूरी तरह से बाधित रहा और इस दौरान यातायात लचर व्यवस्था को लेकर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी भी हो रही थी। पॉच घंटे तक चले इस चक्काजाम से दोनों ओर वाहनों की लम्बी कतारे लग गई और इसमें दर्जन भर यात्री बसे भी फसी रही। बसो में सवार यात्री काफी परेशान भी हुये। हालांकि ग्रामीणों ने किसी भी प्रकार की क्षति नही पहुंचाया, लेकिन इस दौरान लोगों में काफी आक्रोश था।

# अवैध नशीली प्रतिबंधित कैप्सूल के साथ पति-पत्नी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**रीवा, 31 जुलाई, सेमरिया पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत नशीली प्रतिबंधित कैप्सूल की बिक्री करने वाले पति-पत्नी को गिरफ्तार किया है. जिनके पास से नशीली कैप्सूल बरामद की गई है. प्रकरण दर्ज कर दोनो को न्यायालय में पेश किया गया.**

सेमरिया थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि संजू गुप्ता अपनी पत्नी रेखा गुप्ता के साथ अपने घर पास नगर परिषद



व्दारा निर्मित दुकान में अवैध नशीली टैबलेट (कैप्सूल) बिक्री करने के लिये रखे हुए है. कार्यवाही करने पहुंची पुलिस को देख एक पुरुष और महिला भागने लगे. जिन्हे घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया. नाम पता पूंछा गया तो दोनो ने अपना नाम संजू उर्फ संजय गुप्ता पिता गोविन्द गुप्ता उम्र 45 वर्ष, सुरेखा उर्फ रेखा गुप्ता पति संजू उर्फ संजय गुप्ता उम्र 43 वर्ष दोनो निवासी वार्ड क्रमांक 01 कस्बा सेमरिया का होना बताया. दुकान के अंदर की तलाशी ली गई तो दुकान के अंदर रखे प्लास्टिक के कैरेट में लाल रंग की बोरी के अंदर अवैध नशीली टैबलेट(कैप्सूल) होना पाई गई. जिस पर एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानो का पालन करते हुये संपूर्ण कार्यवाही की गई एवं आरोपियो के कब्जे से कुल 65 पत्ते में 520 नग अवैध नशीली टैबलेट(कैप्सूल) कीमत 4,824 रुपये एवं अवैध नशीली टैबलेट(कैप्सूल) बिक्री करने का कुल रकम 10,615 रुपये को जप्त किया किया गया.

# मेडिकल कॉलेज से सहयोग नहीं मिलने पर ड्यूटी डॉक्टरों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली, 31 जुलाई. जिला अस्पताल सिंगरौली में कार्यरत ड्यूटी डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों की लगातार अनुपस्थिति, बढ़ते कार्यभार और सुरक्षा संबंधी समस्याओं को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर त्वरित हस्तक्षेप की मांग की है।**

ज्ञापन में कहा गया है कि जिला अस्पताल में मात्र आठ ड्यूटी डॉक्टर 24 घंटे इमरजेंसी, एमएलसी, पोस्टमार्टम सहित अन्य आवश्यक



सेवाओं का संचालन कर रहे हैं, जबकि मेडिकल कॉलेज के साथ एमओयू होने के बाद भी पर्याप्त चिकित्सकीय सहयोग नहीं मिल रहा है। ज्ञापन के अनुसार, जिला अस्पताल में मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञ चिकित्सक, सीनियर व जूनियर रेजिडेंट सहित लगभग 65 से 70 डॉक्टर उपलब्ध हैं, लेकिन अधिकांश विभागों में उनकी नियमित उपस्थिति नहीं रहती। आरोप है कि वार्ड राउंड नहीं होने और भर्ती मरीजों का समय पर परीक्षण नहीं किए जाने के कारण मरीजों व उनके परिजनों का आक्रोश ड्यूटी डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ, वार्ड बॉय और सुरक्षा कर्मियों को झेलना पड़ता है। डॉक्टरों ने बताया कि कई बार मेडिकल कॉलेज प्रशासन को इस संबंध में अवगत कराया गया, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। इससे अस्पताल का वातावरण तनावपूर्ण बना रहता है और कर्मचारियों की सुरक्षा पर भी खतरा मंडराता है। साथ ही, सीमित संख्या में ड्यूटी डॉक्टरों पर लगातार मानसिक और शारीरिक दबाव बढ़ रहा है, जिससे मरीजों को भी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में कलेक्टर से मांग की गई है कि मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाए, वार्ड राउंड एवं आईपीडी मरीजों की समुचित देखभाल की व्यवस्था बनाई जाए तथा डीन और सिविल सर्जन के बीच समन्वय स्थापित कर सुव्यवस्थित ड्यूटी रोस्टर तैयार किया जाए।

# थाना मझौली पुलिस ने हत्या के मामले का 48 घंटे में किया खुलासा

## एक आरोपी गिरफ्तार, एक विधि विरुद्ध बालक अभिरक्षा में, हत्या में प्रयुक्त डंडे बरामद

नवभारत न्यूज

**सीधी, 31 जुलाई. थाना मझौली पुलिस ने हत्या के मामले का 48 घंटे में खुलासा कर एक आरोपी गिरफ्तार करते हुये एक विधि विरुद्ध बालक को अभिरक्षा में लेकर हत्या में प्रयुक्त डंडे बरामद किया।**

पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती कमला जोशी व एसडीओपी कुसमी संतोष तिवारी के मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी



मझौली उप निरीक्षक विशाल शर्मा के नेतृत्व में थाना मझौली पुलिस ने हत्या के एक गंभीर प्रकरण का सफलतापूर्वक खुलासा किया है। पुलिस के अनुसार दिनांक 28 जुलाई 2026 को थाना मझौली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खरबर निवासी छबीलाल बैगा उम्र 50 वर्ष का शव जंगल चौकी के पास नाले में मिला था। इस पर मर्ग कायम कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान सामने आया कि दिनांक 27 जुलाई 2026 की शाम मृतक जब मवई नदी पार कर अपने घर लौट रहा था, तभी रास्ते में रामप्रसाद बैगा और उसके साथी एक विधि विरुद्ध बालक ने उससे विवाद कर लिया। विवाद बढ़ने पर दोनों ने लकड़ी के डंडों से मृतक पर ताबड़तोड़ हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया और उसे नाले में फेंककर फरार हो गए। उपचार के अभाव में 28 जुलाई 2026 को छबीलाल की मृत्यु हो गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रत्यक्षदर्शियों के कथन, पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर थाना मझौली में धारा 103(1), 3(5) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। विवेचना के दौरान आरोपी रामप्रसाद बैगा उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम बड़वाही, थाना जनकपुर, जिला एमसीबी (छत्तीसगढ़) को गिरफ्तार किया गया। वही विधि विरुद्ध बालक घटना में संलिप्त एक नाबालिग को अभिरक्षा में लेकर किशोर न्याय अधिनियम के अनुसार कार्रवाई की गई।

# मां के खिलाफ चुरहट थाने में दर्ज हुआ मामला

## मासूम बच्ची की हत्या के मामले में

नवभारत न्यूज

**सीधी, 31 जुलाई. जिले के चुरहट थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भेलकी में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। पांच दिन की नवजात बच्ची की कथित रूप से पानी से भरे ड्रम में डुबोकर हत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने मां के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

पुलिस के अनुसार ग्राम भेलकी निवासी पंकज पटेल ने गुरुवार को चुरहट थाने पहुंचकर सूचना दी कि उनकी पत्नी सोनू पटेल ने उनकी पांच दिन की नवजात बेटी को पानी से भरे ड्रम में डाल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। बताया गया कि गुरुवार 30 जुलाई को सुबह करीब 9:20 बजे पंकज पटेल अपनी पत्नी से बच्ची



को दूध पिलाने के लिए कहकर खेत में धान की रोपाई करने चले गए थे। कुछ देर बाद उनकी बहन ने फोन कर बताया कि बच्ची दिखाई नहीं दे रही है। इसके बाद परिजनों ने बच्ची की तलाश शुरू की और पुलिस को भी सूचना दी। पुलिस के अनुसार तलाश के दौरान घर में रखे एक नीले रंग के प्लास्टिक ड्रम का ढक्कन खोलकर देखा गया तो उसके अंदर पानी में नवजात बच्ची का शव मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में पुलिस को पता चला कि आरोपी महिला अपनी दूसरी संतान के रूप में बेटी के जन्म से परेशान थी तथा बच्ची का पालन-पोषण नहीं करना चाहती थी। इसी कारण उसने कथित रूप से इस वारदात को अंजाम दिया।

### पांच दिन पहले हुआ था बच्ची का जन्म-

पुलिस के अनुसार नवजात बच्ची का जन्म लगभग पांच दिन पहले ही हुआ था। एक पुत्री पहले से थी, प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी महिला बेटी के जन्म से मानसिक रूप से परेशान थी। हालांकि घटना के वास्तविक कारणों का खुलासा पुलिस विवेचना और साक्ष्यों के आधार पर किया जाएगा। फिलहाल चुरहट पुलिस ने परिजनों की सूचना पर आरोपी महिला एवं पांच दिन की बच्ची की मां सोनू पटेल के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 103(1) के तहत हत्या का मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले के सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है।

### इनका कहना है

परिजनों की सूचना पर पुलिस गई थी, उनके द्वारा जो साक्ष्य एवं जानकारी दी गई उसके अनुसार बच्ची की मां सोनू पटेल ने ही हत्या की है, जिसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

**श्रीमती रीता त्रिपाठी**
**थाना प्रभारी चुरहट**

# वर्दी में सड़क किनारे खून से लथपथ मिला युवक का शव

## पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर शुरू किया जांच पड़ताल

नवभारत न्यूज

**चितरंगी 31 जुलाई। चितरंगी थाना क्षेत्र के ग्राम बर्दी में 24 वर्षीय युवक का रक्तरंजित शव सड़क किनारे मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान बल्लू यादव उम्र 24 पिता संतोष यादव निवासी ग्राम बर्दी के रूप में हुई है।**

पुलिस के अनुसार 30 जुलाई की शाम सूचना मिली कि जमतिहवा मार्ग पर सड़क किनारे एक युवक का शव पड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए मौके पर पहुंची। अनुविभागीय पुलिस अधिकारी ललित बैरागी के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी के नेतृत्व में एफएसएल टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। प्रारंभिक जांच में मृतक की गर्दन पर धारदार हथियार से वार किए जाने के निशान मिले हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल हत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है और आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि विभिन्न पहलुओं पर जांच की जा रही है तथा संदिग्धों से पूछतांछ जारी है। पुलिस ने दावा किया है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा। घटना के बाद ग्राम बर्दी एवं आसपास के क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पुलिस ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और मामले से संबंधित कोई भी जानकारी होने पर तत्काल पुलिस को सूचित करने की अपील की है।

### इनका कहना है

सड़क के किनारे एक युवक का शव मिला है। संभवतः धारदार हथियार से हमला किया गया है। प्रथम दृष्टिया में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध हत्या का मामला पंजीबद्ध कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

**सुधेश तिवारी**
थाना प्रभारी, चितरंगी

# बाइकों की भिड़ंत में आधा दर्जन लोग गंभीर

नवभारत न्यूज

**सीधी, 31 जुलाई. तेज रफ्तार में आमने-सामने से बाइकों की भिडंत में आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।**

हादसे के बाद घटना स्थल पर घायलों की चीख-पुकार शुरू हो गई। वहां से गुजर रहे लोगों ने तत्परता पूर्वक सूचना देकर घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझौली भेजने की व्यवस्था बनाई। मझौली अस्पताल में प्राथमिक उपचार के पश्चात सभी घायलों को जिला अस्पताल सीधी के लिए रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार एक बाइक में रामरशीले तिवारी



उम्र 40 वर्ष, कन्हैयालाल तिवारी उम्र 60 वर्ष, रामसुशील तिवारी उम्र 46 वर्ष, रुद्रा तिवारी 6 वर्ष मझौली की ओर से करवाही की तरफ दोपहर करीब 2:30 बजे जा रहे थे। ताला ग्राम के आकाश नगर में पहुंचते ही सामने से बाइक में आ रहे अखिलेश कुशवाहा उम्र 40 वर्ष, अनिल कुशवाहा उम्र 40 वर्ष सभी निवासी छुही से सीधे भिडंत हो गई। दोनो बाइकों की आपस में टकराते ही इनमें सवार सभी 6 लोग दूर जाकर गिरे। घटना में सभी घायलों को चोंट लगने के साथ ही फ्रैक्चर बताया जा रहा है। सूचना मिलने पर मझौली थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाने के साथ ही विवेचना शुरू कर दी गई है।

# 40 किमी मेगा तिरंगा दौड़ पूरी कर अंजनी ने पेश की मिसाल

- 6 घंटे 11 मिनट में तय की दूरी, इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में किया दावा, भारतीय सेना और अमर शहीदों को समर्पित रही दौड़

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 31 जुलाई। सिंगरौली के युवा धावक अंजनी कुमार ने तिरंगा हाथ में लेकर 40.01 किलोमीटर की मेगा तिरंगा दौड़ पूरी कर जिले का गौरव बढ़ाया है।**

एनसीएल कर्मचारी श्रवण कुमार के पुत्र अंजनी ने 28 जुलाई को भोपाल के तात्या टोपे टीटी नगर स्टेडियम में बिना रुके यह चुनौतीपूर्ण दौड़ पूरी कर इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स आईबीआर में अपना दावा प्रस्तुत किया है। जीपीएस ट्रैकर के अनुसार अंजनी ने 40.01 किलोमीटर की दूरी 6 घंटे 11 मिनट में पूरी की,



जबकि पूरी दौड़ का यूट्यूब पर 6 घंटे 37 मिनट तक लाइव प्रसारण हुआ। रिकॉर्ड के सत्यापन के लिए सभी आवश्यक दस्तावेज और प्रमाण आईबीआर को भेजे गए हैं। अंजनी कुमार ने बताया कि यह प्रयास किसी व्यक्तिगत उपलब्धि के लिए नहीं, बल्कि भारतीय सेना के वीर जवानों और देश के अमर शहीदों के सम्मान को समर्पित है। उनका उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन, फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि देश के लिए बलिदान देने वाले वीर सपूतों को श्रद्धांजलि देने का अवसर है। स्थानीय लोगों ने अंजनी की इस उपलब्धि की सराहना करते हुए इसे सिंगरौली के लिए गौरव का क्षण बताया। दावा सत्यापित होने पर उनका नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज हो सकता है।

# जिले में अब तक 389 .5 मिमी. औसत वर्षा दर्ज

नवभारत न्यूज

**सतना 31 जुलाई.** जिले में इस वर्ष 1 जून से 31 जुलाई तक 389.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख सतना से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की सतना (रघुराजनगर) तहसील में 505.6 मि.मी., वर्षा दर्ज की जा चुकी थी।


AURANGABAD SMART CITY DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED (ASCDCL)

REQUEST FOR PROPOSAL

ASCDCL invites firms possessing relevant capabilities to respond to this RFP for following

| Sr. No. | Title and Tender ID No | Bid Due Date | Bid Opening Date |
|---|---|---|---|
| 01 | CONCEPTUALISING, BRANDING, DESIGNING ARTWORKS, GRAPHICS AND ILLUSTRATIVE SIGNAGES FOR THE ZOOLOGICAL PARK, CHHATRAPATI SAMBHAIJANAGAR 2026_ASCDC_1323976_1 | 07 AUG 2026 5.00 p.m. | 08 AUG 2026 5.00 p.m. |

The tender document can be download from https://www.mahatenders.gov.in

Sd/-
Chief Executive Officer
Aurangabad Smart City Development Corporation Limited


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित. संपादक- संजय पयासी * फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99